हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 8 अप्रैल 2024

06 बस में लगी आग से यात्रियों के पैसे, कपड़े लेपटॉप ...

07 किसानों को बताया कितना उपयोगी है जैविक खाद...





**लोकसभा क्षेत्र**
शहडोल
1 भाजपा प्रत्याशी
हिमाद्री सिंह
2 कांग्रेस प्रत्याशी
फुंदेलाल मार्को

**पिछली बार कौन जीता**
हिमाद्री सिंह
**जीत का अंतर**
40 हजार 333

## क्या रहेंगे मुद्दे?

लोकसभा के इस चुनाव में मुद्दों के लिहाज से भाजपा का पलड़ा भारी है। अयोध्या में राम मंदिर, धारा 370 और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता उसके ट्रंप कार्ड हैं। भाजपा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं और कामों को भी गिना रही है। कांग्रेस में भगदड़ भी उसका एक मुद्दा है। इसके विपरीत कांग्रेस के फुंदेलाल क्षेत्र में सांसद हिमाद्री की निष्क्रियता को मुद्दा बना रहे हैं। इसके अलावा कांग्रेस ने घोषणा-पत्र में अपने मुद्दे गिना दिए हैं। पांच न्याय के साथ कांग्रेस ने 24 गारंटियों की बात की है। वह किसान कर्जमाफी को भी मुद्दा बना रही है और एमएसपी को भी। भाजपा और कांग्रेस का प्रचार जोर पकड़ता दिख रहा है।

### कोरोना काल में जनता के बीच नहीं दिखी थीं हिमाद्री, कांग्रेस के फुंदेलाल का पुष्पराजगढ़ में ज्यादा असर

# भाजपा प्रत्याशी से नाराजगी, मुकाबले में रहने की कोशिश में कांग्रेस

*विंध्य अंचल की शहडोल लोकसभा क्षेत्र की सांसद और भाजपा प्रत्याशी हिमाद्री सिंह से क्षेत्र के लोगों में कुछ नाराजगी है, क्योंकि वह कोरोना कॉल में लोगों के साथ खड़ी नहीं दिखाई पड़ीं। दूसरी वजह पति और भाजपा नेता नरेंद्र सिंह मरावी के साथ चल रही उनकी अनबन भी है। खबर है कि पति और पत्नी साथ नहीं रह रहे हैं। बावजूद इसके भाजपा की स्थिति मजबूत है। कांग्रेस के फुंदेलाल मार्को विपरीत परिस्थिति में भी विधानसभा चुनाव जीतते रहे हैं। वे क्षेत्र का जाना-माना चेहरा हैं, लेकिन उनका असर उनके विधानसभा क्षेत्र पुष्पराजगढ़ में ही ज्यादा है। हालांकि आदवासियों के एक वर्ग में उनकी अच्छी पकड़ बताई जाती है। इसकी बदौलत वे मुकाबले में बने रहने की कोशिश कर रहे हैं।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

शहडोल की सांसद हिमाद्री सिंह चुनाव भले भाजपा की टिकट पर लड़ रही हैं, लेकिन उनकी राजनीतिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि कांग्रेसी है। उनके पिता दलबीर सिंह क्षेत्र के सांसद के साथ कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे हैं। हिमाद्री की मां राजेश नंदिनी सिंह भी कांग्रेस से सांसद रही हैं। दलबीर सिंह के निधन के बाद राजेश नंदिनी सिंह ने पति की राजनीतिक विरासत संभाली और राजेश नंदिनी सिंह के निधन के बाद हिमाद्री चुनाव मैदान में उतरीं। हिमाद्री 2016 के उप चुनाव में कांग्रेस की ओर से पहली बार मैदान में


हिमाद्री सिंह


फुंदेलाल मार्को

उतरी और भाजपा के ज्ञान सिंह से 60 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से पराजित हो गईं। नतीजा, अगले लोकसभा चुनाव 2019 से पहले उन्होंने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा ने उन्हें टिकट दिया और वे कांग्रेस की प्रमिला सिंह को रिकार्ड 4 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर हरा कर जीत गईं। खास बात यह भी है कि हिमाद्री ने कांग्रेस में रहते भाजपा नेता नरेंद्र सिंह मरावी के साथ शादी की थी, जबकि नरेंद्र सिंह 2009 में उनकी मां राजेश नंदिनी सिंह के खिलाफ ही लोकसभा चुनाव लड़े थे और 13 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से हार गए थे। हिमाद्री 4 लाख से ज्यादा वोटों के रिकार्ड अंतर से चुनाव जीती थीं। हालांकि कोरोना कॉल में वे क्षेत्र के लोगों के साथ खड़ी दिखाई नहीं पड़ीं। इसकी वजह से लोगों में उनके प्रति नाराजगी है। दूसरा, हिमाद्री के पति नरेंद्र सिंह मरावी भाजपा के बड़े नेता हैं। वे भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष रहे हैं। हिमाद्री अपने पति से अलग रह रही है। इसकी वजह से भी कुछ लोग नाराज बताए जाते हैं। इसका तात्पर्य यह भी नहीं कि भाजपा की हालत ठीक नहीं है। शहडोल में देश की हवा का असर है और यहां एक बार फिर भाजपा की स्थिति मजबूत दिख रही है। कांग्रेस के फुंदेलाल भी क्षेत्र के मजबूत नेताओं में से एक हैं। भाजपा की लहर में भी वे विधानसभा चुनाव नहीं हारे।

**विस में भाजपा ने जीतीं 8 में से 7 सीटें**

विधानसभा की ताकत के लिहाज से भाजपा का पलड़ा भारी है। पार्टी ने 8 में से 7 सीटें जीत रखी हैं। इसके विपरीत कांग्रेस को सिर्फ एक सीट पर संतोष करना पड़ा है। यह सीट भी कांग्रेस प्रत्याशी फुंदेलाल की पुष्पराजगढ़ है। वे यहां से लगातार तीसरी बार चुनाव जीते हैं। हालांकि इस बार उनकी जीत का अंतर बहुत घट गया। फुंदेलाल 2013 में 35 हजार 643 और 2018 में 21 हजार 201 वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे, लेकिन चार माह पहले 2023 के चुनाव में वे 4 हजार 486 वोटों से ही जीत सके। 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस बराबरी पर थे। दोनों ने 4-4 विधानसभा सीटों में जीत दर्ज की थी, लेकिन इस बार भाजपा ने 7 सीटें जीतीं और जीत का अंतर भी कुल मिलाकर 2 लाख 12 हजार 835 वोट का है। इस अंतर को पाटना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है।

**शहडोल में आधे से ज्यादा मतदाता आदिवासी**

शहडोल लोकसभा सीट आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित है। क्षेत्र में आदिवासियों के साथ अनुसूचित जाति वर्ग के मतदाताओं की तादाद भी आधे से ज्यादा है। 2011 की जनगणना के मुताबिक शहडोल क्षेत्र के तहत 44.76 फीसदी आबादी आदिवासी वर्ग की है। इसके साथ क्षेत्र में 9.35 फीसदी आबादी अनुसूचित जाति वर्ग की है। इन दोनों वर्गों के मतदाता भाजपा-कांग्रेस में बंटते हैं, लेकिन ज्यादा भाजपा के पक्ष में ही जाते हैं। आदिवासी वर्ग का कुछ वोट गोंगपा भी ले जाती है। इसके बाद क्षेत्र में पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की तादाद 30 फीसदी के आसपास है। यह वर्ग ज्यादा तादाद में भाजपा के पक्ष में ही जाता है। कांग्रेस को पिछड़ों के साथ कुछ सवर्णों का वोट मिलता है।

**चार जिलों में फैला है शहडोल लोकसभा क्षेत्र**

शहडोल की गिनती विंध्य अंचल में होती है, लेकिन इसका भौगोलिक क्षेत्र महाकौशल तक जाता है। लोकसभा क्षेत्र चार जिलों शहडोल, अनूपपुर, उमरिया और कटनी तक फैला है। इसके तहत शहडोल जिले की दो विधानसभा सीटें जयसिंहनगर और जैतपुर, अनूपपुर जिले की तीन अनूपपुर, पुष्पराजगढ़ और कोतमा, उमरिया जिले की दो बांधवगढ़, मानपुर और कटनी जिले की एक विधानसभा सीट बड़वारा आती है। इनमें से एक पुष्पराजगढ़ को छोड़ शेष सभी 7 पर भाजपा का कब्जा है। जहां तक शहडोल लोकसभा सीट के राजनीतिक मिजाज का सवाल है तो 1991 और 2009 में यहां से कांग्रेस के दलवीर सिंह और उनकी पत्नी राजेश नंदिनी सिंह ही चुनाव जीते है।

### नवरात्रि पर्व पर उमड़ेगी आस्था, भक्तों के लिए निशुल्क भंडारा रहेगा

# नवरात्रि पर्व को लेकर सज रहा बगलामुखी माता का दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर को चैत्रीय नवरात्रि पर्व को लेकर फूलों से सजाया गया है। मंदिर व परिसर क्षेत्र में आकर्षक विद्युत सज्जा भी की जा रही है। मंगलवार को नवरात्रि के प्रथम दिन से माता मंदिर में प्रदेश सहित देश के कई स्थानों से हजारों की संख्या में माता भक्त मंदिर पहुंचेंगे। जहां भक्तों द्वारा विशेष पूजन, अनुष्ठान कर मां के दरबार में मन्नतें मांगी जाएंगी। पीतांबरा सेवा समिति द्वारा भक्तों के लिए निशुल्क भंडारे के साथ माता रानी को छप्पन भोग लगाया जाएगा।

इस वर्ष चैत्रीय नवरात्रि 9 अप्रैल से प्रारंभ होकर 17 अप्रैल तक रहेगी। इस दौरान मंदिर में भक्तों की आस्था परवान चढ़ेगी एवं भक्त शक्ति की उपासना में रमेंगे। सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर सहित अंचल के कई देवी मंदिरों में पर्व के इन दिनों में कई धार्मिक आयोजन भी होंगे। वहीं नगर में कई स्थानों से चुनर यात्रा भी नलखेड़ा आएगी। नवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर परिसर विभिन्न प्रकार के पुष्पों से सुसज्जित होकर छटा बिखेरेगा।

**व्यापक व आवश्यक तैयारियां पूर्ण**

मां की भक्ति का पर्व नवरात्रि कल से प्रांरभ होने जा रही है, जिसको लेकर मां बगुलामुखी मंदिर में सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और पूरे मंदिर पर आकर्षक, विद्युत लाइट व्यवस्था की जा रही है। मंदिर को पीली व दूधिया रोशनी से रोशन किया जाएगा व मंदिर आहते में स्थित दीपमाला पर भी विद्युत व्यवस्था की जाएगी जो कि आकर्षण का केंद रहेगी। मंदिर के सिहमुख पर भी आकर्षक विद्युत सज्जा की गई। जो बरबस श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही है और दर्शनार्थियों के लिए कोई तकलीफ आने-जाने में न हो इसके लिए बेरिकेड्स भी लगाए जा रहे हैं।



**कन्या पूजन के साथ होगा भंडारे का शुभारंभ**

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि पर्व पर पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा मां बगलामुखी मंदिर पर बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए निःशुल्क भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्रि के प्रथम दिवस मंगलवार को प्रातः 10 बजे समिति द्वारा माता रानी को छप्पन भोग लगाया जाएगा। उसके बाद भंडारा परिसर में कन्या पूजन होगा। कन्या पूजन के उपरांत भंडारा प्रारंभ किया जाएगा।

### 193 कृषक परिवार रबी सत्र में सिंचाई से वंचित हो जाएंगे

# कुंडालिया सिंचाई परियोजना के दो आउटलेट मैनेजमेंट सिस्टम जलाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



कुंडालिया सिंचाई परियोजना अंतर्गत तहसील के ग्राम बांस्या में शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हुए दो आउटलेट मैनेजमेंट सिस्टम जला दिए गए। जिसकी शिकायत परियोजना प्रबंधक व कार्य एजेंसी सांई संकेत द्वारा स्थानीय पुलिस थाना एवं पुलिस चौकी बड़ागांव पर शिकायत दर्ज करवाई है।

परियोजना प्रबंधक शुम्भकर विश्वास ने पुलिस को की गई शिकायत में बताया कि कुंडालिया सिंचाई परियोजना बांई तट नहर अंतर्गत प्रत्येक 30 हेक्टर चक पर आउटलेट मैनेजमेंट सिस्टम स्थापित किए गए हैं। ग्राम बांस्या तहसील नलखेड़ा के ऐसे दो आउटलेट मैनेजमेंट सिस्टम को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा इरादतन आग लगाकर पूर्ण रूप से जलाकर शासकीय सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि इस परिस्थिति के कारण ग्राम बांस्या के 313 हेक्टर क्षेत्र 613 कृषि सर्वे नंबर एवं 193 कृषक परिवार रबी सत्र में सिंचाई से वंचित हो जाएंगे।

आवेदन में उन्होंने अज्ञात व्यक्तियों पर शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर उपयुक्त धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। उक्त घटना के संबंध में कार्य एजेंसी सांई संकेत द्वारा भी एक शिकायती आवेदन पुलिस चौकी बड़ागांव पर दिया गया है। जिसमें आग लगाने के कारण 4 लाख 48 हजार रुपये की शासकीय संपत्ति का नुकसान होना बताते हुए अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है।



## लोकसभा निर्वाचन : रंगोली व मेहंदी से मतदान का संदेश

**महिला मतदाताओं ने नैतिक मतदान की ली शपथ**

**नलखेड़ा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में आगर मालवा जिले के युवा, बुजुर्ग, पुरुष एवं महिला मतदाता शत -प्रतिशत अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए जिलेभर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेंद्र सिंह के निर्देशन में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में मतदाता उत्साहपूर्वक सहभागी बनकर नैतिक एवं अनिवार्य मतदान की शपथ ले रहे हैं। शनिवार को जिले के महाविद्यालयों में मतदाता शपथ समारोह आयोजित विद्यार्थियों ने नैतिक मतदान की शपथ ली, वही आंगनबाड़ी केंद्रों पर महिला मतदाताओं ने रंगोली एवं मेहंदी बनाकर शत -प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। ग्राम तनोडिया सनावदा, महुडिया, सालरी, चंदनगांव आदि गांव के आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित कर मतदाता जागरूकता गतिविधियो में महिला मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर लोकसभा निर्वाचन के मतदान दिवस पर अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया। विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु घोषित कार्यक्रम अनुसार विधानसभा सुसनेर संसदीय क्षेत्र राजगढ़ में तीसरे चरण में 07 मई को मतदान होंगे तथा विधानसभा आगर, संसदीय क्षेत्र देवास में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होंगे।

## मतदाता सूची में 10 अप्रैल तक जुड़वा सकते हैं नाम

**नलखेड़ा।** मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल है। 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके व्यक्ति जिनका नाम मतदाता सूची में जुड़ने से शेष है, वह अपना नाम अंतिम तिथि के पूर्व प्रारूप 6 में ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन देकर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवा सकते हैं।

## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ का आयोजन आज से

**नलखेड़ा।** नगर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ का आयोजन आज से प्रारंभ होगा। कथा का वाचन डॉ सच्चिदानंद शर्मा के मुखारविंद से होगा। स्थानीय जायसवाल कॉलोनी स्थित चांडकजी के मैदान पर त्रिवेदी परिवार द्वारा सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 8 से 14 अप्रैल तक किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 से 4 बजे तक होगा। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथा वाचक डॉ सच्चिदानंद शर्मा के मुखारविंद से होगा। कथा प्रारंभ के पूर्व सोमवार को प्रातः 9 बजे से चौक बाजार स्थित श्री गुप्तेश्वर महादेव से एक कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो प्रमुख मार्गों से होती हुई आयोजन स्थल पर पहुंचेगी, जिसके उपरांत कथा प्रारंभ होगी।

### त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

# ईद पर ईदगाह पर आने वाले वाहनों के लिए होगी अलग पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान ईद का पर्व भी आ रहा है। नगर में मां बगलामुखी का मंदिर स्थित है, जिसके कुछ दूरी पर ही ईदगाह स्थित है जहां ईद पर मुस्लिम समाजजन नमाज अदा करने पहुंचेंगे। ईदगाह पर पहुंचने वाले दोपहिया वाहन व चौपहिया वाहनों के लिए ईदगाह के सामने ही अलग से पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।

उक्त निर्णय रविवार को स्थानीय पुलिस थाना में एसडीओ मिलिंद ढोके एवं एसडीओपी देवनारायण यादव की उपस्थिति में सम्पन्न हुई शांति समिति की बैठक में लिया गया। चूंकि चैत्र नवरात्रि पर्व पर बड़ी संख्या में दर्शनार्थी मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शनार्थ पहुंचते हैं जिनके वाहनों के लिए ईदगाह के सामने स्थित भूमि पर पार्किंग बनाया जाता है। इस बार रमजान माह के बाद ईद का पर्व चैत्र नवरात्रि के दौरान आ रहा है। ऐसी स्थिति में केवल ईद के दिन ईदगाह पर वाहनों से पहुंचने वाले मुस्लिम समाजजनों के लिए वाहन पार्किंग अलग से बनाने का निर्णय लिया गया। जुलूस के रूप में ईदगाह पहुंचने वाले अंबेडकर चौराहे से ईदगाह पहुंचेंगे।



बैठक में मां बगलामुखी मंदिर पर शराब के नशे में हवन अनुष्ठान करने का मामला भी उठा जिस पर एसडीएम द्वारा इस प्रकार की शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ तत्काल कार्यवाही करने की बात कही गई। बैठक में मां बगलामुखी मंदिर पर भिक्षावृत्ति एवं बाल भिक्षावृत्ति रोकने की मांग की गई। जिस पर अधिकारी द्वय द्वारा मंदिर परिसर से भिक्षुओं को खदेड़ने एवं उनके डेरो को हटाने निर्देश अधीनस्थों को दिए गए। बैठक में पुरानी कृषि उपज मंडी रोड पर लगनेवाले हाट बाजार का स्थान बदलने का मुद्दा भी उठा जिस पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी द्वारा एसडीएम से पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर हाट बाजार के लिए उपलब्ध करवाने की मांग की गई। एसडीएम ने इस संबंध में चर्चा करने का आश्वासन दिया साथ ही नवरात्रि पर्व के दौरान आ रहे शनिवार को हाट बाजार वर्तमान स्थान पर नही लगाने के निर्देश भी दिए। बैठक में सदर जलील खान, पत्रकार, पार्षदगण एवं समिति सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आचार संहिता के नियमों का उल्लंघनः गाड़ियों पर लगे चुनाव चिन्ह



**चापडा।** आगामी दिनों में लोकसभा चुनाव का मतदान होना है। जिसको लेकर निर्वाचन आयुक्त द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है।इस दौरान कोई भी व्यक्ति अपने वाहनों पर किसी भी प्रकार से राजनीति पार्टी एवं चुनाव चिन्ह संबंधित कोई भी मौनो व स्टीकर नहीं लगा सकते हैं। लेकिन बागली क्षेत्र में आज भी ऐसे कई वाहन नजर आते हैं। जिन पर राजनीतिक संबंधित स्टीकर व चुनाव चिन्ह लगे हुए दिखाई दे रहे हैं। लेकिन जिम्मेदारो द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बता दे की खंडवा लोकसभा चुनाव के लिए बागली विधानसभा में 13 मई को मत मतदान होना है, बावजूद इसके आदर्श आचार संहिता का उलंघन करते हुए कई सत्ताधारी पार्टी के नेताओं ने अपने वाहनों पर संबंधित पार्टी के चुनाव चिन्ह एवं संबंधित अन्य स्टीकर लगा रखे हैं।

### आबकारी विभाग ने भौंरासा में कार्रवाई कर 07 प्रकरण किए दर्ज

**देवास।** आबकारी विभाग के दल द्वारा सोनकच्छ वृत के भौंरासा में डेरे में कार्यवाही की गई। कार्यवाही में 90 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 4800 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया।लाहन को मौके पर विधिवत नष्ट किया गया। कार्यवाही में कुल 07 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए। जप्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 04 लाख 98 हजार रूपए है। कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक निधि शर्मा, राजकुमारी मंडलोई, प्रेम यादव, उमेश स्वर्णकार, दिनेश भार्गव, विजय कुचेरिया तथा आबकारी मुख्य आरक्षक दीपक धुरिया, आबकारी आरक्षक, जी डी वर्मा, बालकृष्ण जायसवाल, राजेश जोशी, नितिन सोनी, दीपक टटवाडे, निकिता परमार, आशीष गुप्ता और केदार चौधरी, संजय शर्मा, किशोर शामिल थे।

## पुणे से नेपाल जा रही स्लीपर बस में अलसुबह लगी भीषण आग

# बस में लगी आग से यात्रियों के पैसे, कपड़े लेपटॉप सहित सामान जलकर हुआ खाक

आग लगने के समय सभी यात्री सोए हुए थे,समय रहते सभी यात्री सुरक्षित बस से बाहर आ गए थे नही तो बड़ा हादसा हो सकता था




हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

रविवार अलसुबह 5.15 बजे करीब मक्सी बाईपास ओवरब्रिज के समीप एक बस में आग लग गई। जानकारी अनुसार टायर फटने के कारण बस में आग लगना बताया जा रहा हैं। अलसुबह बस में आग लगने से यात्री अपनी जान बचाकर नुचे उतरे। कुछ बस के दरवाजे से बाहर आए थे तो कुछ बस के कांच फोड़कर अपने आप को बचाया। हादसे में कोई जन हानि नहीं हुई लेकिन बस में रखा यात्रियों का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। हाईवे पेट्रोलिंग टीम ने भी यात्रियों को बस से सुरक्षित निकालने में मदद की। दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार बस पुणे से काठमांडू नेपाल जा रही थी जिसमें अधिकांश मजदूर वर्ग के लोग भी शामिल थे। आग लगने के समय सभी यात्री सोए हुए थे। समय रहते सभी यात्री सुरक्षित बस से बाहर आ गए थे नही तो बड़ा हादसा हो सकता था। दरअसल रविवार सुबह पुणे से नेपाल की और जा रही चलती यात्री बस में टायर फटने से अचानक आग लग गई। बस में करीब 120 यात्री सवार थे जो आग लगते ही बाहर आ गए थे। घटना में किसी भी प्रकार से कोई जनहानि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि हाईवे पेट्रोलिंग टीम ने बस में आग की लपटे देखकर तुरंत बस चालक को सूचना दी और बस रुकवाई जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर निगम का दमकल वाहन पहुंचा और आग पर काबू पाया गया। हादसे में यात्रियों का अधिकांश सामान जलकर खाक हो गया। सभी यात्री नेपाल के मूल निवासी हैं यह लोग पुणे और उसके आसपास क्षेत्रों में काम करते हैं। वहां से सभी यात्री आने वाले त्यौहारों को मनाने के लिए अपने घर जा रहे थे। यात्री बस नेपाल की सीमा से लगे क्षेत्र बलिया उत्तरप्रदेश जा रही थी। मौके पर नगर पुलिस अधीक्षक दिशेष अग्रवाल, बीएनपी थाना प्रभारी अमित सोलंकी अपनी टीम के साथ पहुँचे। उन्होनें यात्रियों के खाने व उनके लिए आगे की और जाने के लिए बस की व्यवस्था की। पुणे से नेपाल की और जा रही चलती बस क्रमांक यूपी 81 बीटी 6675 का टायर रविवार अलसुबह मक्सी रोड़ बायपास मार्ग पर अचानक से फट गया और और देखते ही उसमें आग लग गई। हादसे में कई यात्रियों का सामान व नगदी रुपयों सहित लेपटाप, खाने की सामाग्री जलकर खाक हो गए। आग टायर के गर्म होने से फटने पर लगी थी। जिस समय बस में आग लगी थी उस दौरान सभी यात्री सो रहे थे। आसपास के लोगों की मदद व मौके पर पहुंचे पुलिस के




जवानों ने यात्रियों को बस से निकाला। कई यात्री तो कांच तोडक़र बस से बाहर आ गए थे।

### दमकल ने आग पर पाया काबू

निगम के फायर टेक्नीशियन अनुभव चंदेल ने बताया कि बस में आग की सूचना का कॉल सुबह 5.15 पर आया था, सूचना मिलने पर निगम के दमकल वाहन मौके पर पहुँचे और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दमकल के समय रहते पहुँचने से बस का डीजल टैंक आग की चपेट में आने से बच गया नही तो कई घण्टे तक आग भड़कती रहती हैं। हादसे का कारण टायर फटने से ड्रम में आया फ्रिक्शन हो सकता हैं। ड्राइवर साइड की और का आखिरी पहिया फटने से सम्भवतः हादसा हुआ है। घटना के बाद क्रेन से जली हुई यात्री बस को सडक़ से हटाया गया था।

### सभी सामान जलकर हुआ खाक

आग के कारण बस में सवार यात्रियों का सामान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। लगेज में अधिकांश लोगों के कपड़े व अन्य सामान था। लगेज में लेपटॉप व 500 व 100 रुपए के नोट भी जल गए। बस में जब आग लगी तब बस में सवार अधिकांश यात्री सो रहे थे। पुणे में डिजिटल नेटवर्क कंपनी में काम करने वाले युवक कमल ने बताया कि उसका



लेपटॉप जलकर खाक हो गया। उसमें कंपनी का डाटा भी था। यात्री महेश ने बताया कि वह पुणे से नेपाल की और जा रहे थे बस में आग लगने से उनके कपड़े व नगदी रुपए जलकर खाक हो गए। यात्री निर्मल विश्वकर्मा ने बताया कि अलसुबह करीब 5 बजे चलती बस में टायर फटने से आग लगी थी। सभी लोग त्यौहार मनाने के लिए नेपाल की और जा रहे थे। बस नेपाल बार्डर तक जाने वाली थी, लेकिन यह हादसा हो गया। यात्री सुरेंद्र ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही बस की आपातकालीन खिडक़ी तोडक़र बाहर आए जिससे कई लोगों को मामूली चोंट भी आई। हमारे पास पैसा नहीं है जलकर खाक हो गए। मेरे माता-पिता का आधार कार्ड मेरा आधार कार्ड भी जलकर खाक हो गया।

### त्यौहार पर जा रहे थे गांव

पुणे से यात्री बस में सवार होकर 100 से अधिक यात्री नेपाल की ओर जा रहे थे। सभी लोग पुणे में काम करते थे। त्यौहार के लिए अपने गांव की और जा रहे थे। सुबह बस का टायर फटने से आग लगी थी, सभी यात्री सुरक्षित है। दूसरी बस की व्यवस्था की जा रही है यात्रियों के भोजन व रुकने की व्यवस्था की गई है। यात्रियों का सामान जरुर जला है।

**अमित सोलंकी,** थाना प्रभारी

# अमावस्या पर घाट पर नहाने जाने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन से लगा जाम

### अतिरिक्त पुलिस बल की जरूरत



**चापड़ा।** चापड़ा चौराहे पर इस तरह लगता रहा जाम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा

सोमवार को भूतडी अमावस्या पर घाटों पर स्नान करने जाने वाले श्रद्धालुओं का आवगमन शनिवार के दिन से ही शुरू हो गया है। जिसके कारण रविवार के दिन चापड़ा चौराहे पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रही, चौराहे पर सिर्फ एक आरक्षक राहुल लवंशी व सैनिक गुलाबसिंह सेंधव ट्रैफिक व्यवस्था संभालते हुए नजर आए।

हालांकि स्थानीय युवाओं ने भी ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने में सहयोग किया। बता दे की पूर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नौजे द्वारा धाराजी घाट पर लगी धारा 144 व प्रतिबंध हटवा कर पुनः धाराजी घाट पर स्नान प्रारंभ करवाया गया है।जहां पर घाट निर्माण भी हो चुका है, जिसके चलते इस वर्ष फिर से अमावस्या पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लंबे समय के बाद देखने को मिल रही है।

हालांकि इक्का-दुक्का वाहनों का आना-जाना शुक्रवार के दिन से ही शुरू हो गया था। लेकिन रविवार के दिन उज्जैन शाजापुर क्षेत्र से श्रद्धालुओं से भरे वाहनों की संख्या काफी रही।

जिसके कारण दिनभर चापड़ा चौराहे पर जाम लगता रहा। भुतडी अमावस्या पर शाजापुर, उज्जैन सहित अन्य क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए धारा जी घाट आते हैं। इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर चापड़ा चौराहे से गूजरता है, जिसके कारण वाहनों का दबाव भी अधिक रहता है। इस लिए प्रशासन को चापडा चौराहे की ट्रैफिक व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था करना चाहिए। क्योंकि अमावस्या होने के कारण वाहनों का आवागमन अधिक रहेगा।

### मेंढकी रोड अंडर ब्रिज में गुणवत्ताहीन निर्माण की शिकायत डीआरएम रतलाम से की



**देवास।** विगत दिनों नवनिर्मित मेंढकी रेलवे अंडर ब्रिज फाटक संख्या 30 का निर्माण किया गया हैं और 21 मार्च से अंडर ब्रिज पर आवागमन शुरू कर किया गया।अभी 17 दिन भी पूरे नहीं हो पाए थे कि नवनिर्मित रोड़ उखड़ने लगी हैं। साथ ही बालू रेत और सीमेंट भी निकलते देखी जा सकती है। जिसकी शिकायत पार्षद एवं नेताप्रतिपक्ष प्रतिनिधि राहुल पंवार ने डीआरएम रतलाम और पश्चिमी रेलवे से की हैं। पवार का कहना हैं साफ़ दिखाई दे रहा की निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन हुआ। पवार ने रेलवे विभाग से निवेदन किया है की ठेकेदार के ख़िलाफ़ कार्यवाही की जाए व घटिया निर्माण को पुनः सुव्यवस्थित किया जाए व साथ ही अंडर ब्रिज में स्ट्रीट लाइट लगाई जाए जिससे रात में गुज़रने वाले लोगो को आवागमन में सुगमता हो। साथ ही सेफ़्टी ग्लास भी लगाए जाए। नियमानुरूप स्पीड ब्रेकर बनाए जाए। वर्षा ऋतु में आने वाली जल जमाव की समस्या के लिए पम्प भी लगाए जाएं ।

# अजाक्स ने संविधान धर्म यात्रा रथ का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

म प्र अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ जिला देवास द्वारा उज्जैन अजाक्स द्वारा संविधान धर्म यात्रा रथ का नरवर आने पर संभागीय महासचिव हेमराज गोखले के नेतृत्व में स्वागत किया गया एवं बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जिला अध्यक्ष द्वारा संविधान की उद्देशिका का वचन किया। इस अवसर पर साहित्य प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दयाराम मालवीय, महेंद्र सिंह परमार, जगदीश मालवीय, ब्लॉक अध्यक्ष देवास देवकरण सोलंकी, महेश झरोका, सुशील परमार, हीरालाल चक्रवर्ती, महेश पांडे, भगवान धानक, अंतरसिंह मकवाना, दिलीप सिंह बारिया, गणपत मालवीय, तोलाराम राठौर, हीरालाल यादव, अन्तर लाल पटवा, तेजकुमार चौहान आदि उपस्थित रहे।

### भारत विकास परिषद शाखा के चुनाव संपन्न



**देवास।** स्थानीय खेड़ापति होटल में भारत विकास परिषद की साधारण सभा हुई। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सचिव एवं कोषाध्यक्ष का चयन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के द्वारा की गई। इसके पश्चात सामूहिक वंदे मातरम गान किया गया। अध्यक्ष के लिए मीना राव का प्रस्ताव शशि माहेश्वरी ने किया, जिसका समर्थन पुष्पा बर्डीया एवं नेहा अग्रवाल ने किया। सचिव के लिए अंतिम अग्रवाल के नाम का प्रस्ताव मुकेश गर्ग ने किया जिसका समर्थन प्रतीक गुप्ता एवं नीरज सोनी ने किया। कोषाध्यक्ष के लिए शालिनी चव्हाण के नाम का प्रस्ताव निशांत अग्रवाल ने किया, जिसका समर्थन बबलू राव एवं सुनील माहेश्वरी ने किया। सचिव सुरेश डसानिया ने वर्ष भर किए गए कार्यक्रम की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष राजेश जोशी ने वर्ष भर के खर्च की जानकारी दी।

# सेन थॉम ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने प्री प्राइमरी छात्रों का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

नए शैक्षणिक सत्र के पहले दिन सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड और सेन थॉम पब्लिक स्कूल, बद्रीधाम नगर, देवास के प्री प्राइमरी छात्रों के लिए मजेदार] यादगार रहा। शिक्षकों ने खुले दिल से छात्रों का स्वागत किया और नए सत्र की शानदार शुरुआत की।दोनों स्कूलों में छात्रों का भव्य स्वागत 'रेट्रो' थीम पर आयोजित किया गया, जहां पुरानी बॉलीवुड फिल्मों के सुमधुर गीतों ने सभी के दिलों को जीत लिया। थीम को जीवंत करने के लिए सभी ने काले और सफेद रंग की पोशाक पहनी हुई थी। छात्रों ने प्रसिद्ध गानों की थिरकाने वाली धुनों पर नृत्य किया।

# जम्प रोप नेशनल में प्रदेश बना ओवरऑल चैंपियन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

20वीं सीनियर नेशनल जम्प रोप चैंपियनशिप एवं ऑल इंडिया जम्प रोप चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश बना ओवरऑल चैंपियन साथ ही डेमो कप में भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उक्त जानकारी देते हुए जम्प रोप एसोसिएशन - मध्य प्रदेश के महासचिव अबरार एहमद शेख ने बताया कि 31 मार्च से 2 अप्रैल तक श्री सांदिपनी इंटरनेशनल स्कूल चंद्रावतीगंज, इंदौर में आयोजित हुई 20वीं सीनियर राष्ट्रीय जम्प रोप चैंपियनशिप एवं ऑल इंडिया जम्प रोप चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश से 68 खिलाड़ियों ने भाग लिया एवं अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 16 स्वर्ण, 11 रजत एवं 11 कांस्य पदक सहित कुल 38 पदक जीतकर मध्य प्रदेश को प्रथम स्थान दिलवाकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब दिलवाया ।ओवरऑल चैंपियन में प्रथम मध्य प्रदेश द्वितीय तमिलनाडु एवं तृतीय दिल्ली रहा वहीं डेमो कप में प्रथम छत्तीसगढ़ द्वितीय मध्य प्रदेश एवं तृतीय दिल्ली रहा । उक्त प्रतियोगिता में 10 राज्यों के 250 से अधिक खिलाड़ीयों ने भाग लिया । मध्य प्रदेश टीम के बालक टीम कोच मुकुंद झाला एवं बालिका टीम कोच सुशील सोनोने थे । सहायक कोच स्वराज पाटिल, यश मालवीय एवं निखिल हरोडे थे।

## गुढी पड़वा पर संस्था देववासिनी परिवार का होगा मिलन समारोह

# वृह्द रूप में धूमधाम से मनाया जाएगा हिन्दू नववर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

शौर्य दिवस से संस्था देववासिनी द्वारा चामुण्डा माता टेकरी पर काशी के गंगा घाट पर होने वाली प्राचीन गंगा आरती की तरह निरंजनी महाआरती प्रारंभ की गई। वर्तमान में महाआरती में प्रति शनिवार, रविवार को हजारों की संख्या में भक्तो का जनसमूह उमड़ रहा है। संस्था सचिव महेश चौहान ने बताया कि संस्था देववासिनी द्वारा चैत्र नवरात्र का प्रारंभ हिंदू नववर्ष, गुड़ी पड़वा का पर्व विशाल स्वरूप में धूमधाम से मनाया जाएगा। चौहान ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि हिंदू नववर्ष से अनेक धार्मिक, पौराणिक संदर्भ जुड़े हुए है। मान्यता है कि ब्रह्मा जी द्वारा इसी दिन सृष्टि की उत्पत्ति की गई थी। चैत्र नवरात्र का प्रारंभ होता है। विजय का प्रतीक गुड़ी पड़वा पर्व मनाया जाता है। भगवान श्री राम का राज्याभिषेक, धर्मराज युधिष्ठिर का राजतिलक इसी दिन हुआ था। विक्रम संवत्सर का प्रारंभ, भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव अर्थात चैतीचण्ड उत्सव मनाया जाता है। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द सरस्वती जी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार जी का जन्मदिन अथवा वर्ष प्रतिपदा उत्सव इसी दिन मनाया जाता है। इन महान संदर्भों से जुड़े हिन्दू नववर्ष पर विशाल कार्यक्रम संस्था देववासिनी के संरक्षक सांसद महेन्द्र



सिंह सोलंकी के संरक्षण, प्रसिद्ध समाजसेवी अशोक खंडेलिया की अध्यक्षता में विराट कृपा भवन हीरो शोरूम के पिछे, गंगानगर, ए बी रोड पर आयोजित किया गया है। अपनी संस्कृति, अपना दर्शन, तजें (छोडे) विदेशी आकर्षण, इस विचार के साथ 9 अप्रैल को शाम 6 बजे से प्रारंभ होने वाले देववासिनी द्वारा आयोजित हिन्दू नववर्ष परिवार मिलन कार्यक्रम के संयोजक पार्षद अजय तोमर है। सह संयोजक पार्षद संजय दायमा, निलेश वर्मा, भूपेश ठाकुर, ऋतु सवनेर, प्रवीण वर्मा, गोपाल खत्री, सोनू परमार, प्रतीक सोलंकी, संजय ठाकुर है। हिन्दू नववर्ष पर आयोजित विशाल कार्यक्रम में हजारों की संख्या में सनातनी हिन्दू समाज जनों के एकत्रित होने का अनुमान है। संस्था देववासिनी द्वारा लक्ष्य रखा गया है कि 6 दिसंबर से चामुण्डा माता टेकरी पर हो रही निरंजनी महाआरती में शहर के समस्त वार्डो से जिन भक्तो ने हिस्सा लिया है, वे परिवार व इष्ट मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में हिन्दू नववर्ष के विशाल कार्यक्रम में सम्मिलित हो कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हिस्सा बने। इसके लिए संस्था देववासिनी के कार्यकर्ताओं हरि सिंह धनगर, शंभू अग्रवाल, शेखर कौशल, पंकज वर्मा, जयेश पडियार, खिलेश शिंदे, अशीष दवे, पंडित योगेश, मनीष जैन, शुभम चौहान, देवेंद्र माली, अनुज शर्मा, दीपेश शर्मा, पंकज सोनी, रितेश उपाध्याय, रोहित द्वारा पिछले सप्ताह से शहर के विभिन्न वार्डो में बैठके की जा रही है। विविध धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों के कार्यकर्ताओं, समाजजनों को व्यापक स्तर पर पत्रक वितरण किए जा रहे है।

# नईम स्मरण कार्यक्रम हुआ आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

कवि नईम की कविताएं हो या सानेट, गजलें हों या नवगीत,दशकों बाद आज भी उनकी रचनाएं प्रासंगिक नजर आती है। आज की छंदमुक्त कविताओं के दौर में लयात्मकता और छंदबद्धता लिए उनके नवगीत कवि नईम की विशेष पहचान हैं। नईम का नाम देश के ख्यात नवगीतकारों की पहली पंक्ति में सम्मान से लिया जाता है। यह बात देवास और देवास वासियों के लिए भी गर्व की बात है। ये बातें नईम स्मरण कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित अतिथियों ने कही। नईम स्मरण का यह कार्यक्रम संस्था संवाद के बैनर तले वरिष्ठ नागरिक सभागृह में रविवार को आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में गेरूलाल व्यास, सीमा सोनी, डॉ प्रकाश कांत, श्रीकांत उपाध्याय, विजय श्रीवास्तव अतिथि रूप में उपस्थित थे जिनका स्वागत संवाद के हरि जोशी ने किया। अतिथियों ने कवि नईम के साहित्यिक पक्ष के साथ उनके द्वारा लगातार सक्रिय रहकर बनाए काष्ठ शिल्प और फाउंडेशन द्वारा जिले के दूरदराज में काम कर रहे शिक्षक सम्मान का भी स्मरण किया। सीमा सोनी ने उनके निजी जीवन में पितृतुल्य व्यवहार को याद किया तो श्रीकांत उपाध्याय ने उनके समग्र पर लिखे अपने आलेख के वाचन के साथ उनके एक गीत का पाठ भी किया। डॉ प्रकाश कांत ने नईम के साथ बिताए उन बरसों को याद किया जिन बरसों में नईम के साथ रहकर अपने समकालीनों जीवनसिंह ठाकुर और प्रभु जोशी के संग संग अक्षरों की समझ आई। 60-62 के तबके देवास को नईम के बहाने डॉ प्रकाश कांत ने जिस तरह याद किया श्रोता मानों तबके देवास में विचरण करते नजर आए। विजय श्रीवास्तव ने नईम के रचना पक्ष पर अपनी बात रखते हुए उनके कुछ गीत का पाठ भी किया। कार्यक्रम के अंत में बीते समय में बिछड़े कला और साहित्य जगत के साथी सुल्ताना नईम, वसुंधरा ताई, प्रभु जोशी, मधुबाला ठाकुर, जीवनसिंग ठाकुर का स्मरण करके उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का संचालन मोहन वर्मा ने किया। कार्यक्रम में अमेय कांत, बिंदु तिवारी, चंद्रपालसिंह सोलंकी, अजय सोलंकी, सुधीर सोमानी आदि साहित्य प्रेमी मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

### भाजपा नगर मंडल ने मनाया स्थापना दिवस

**सीहोर।** शनिवार को भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में शहर के अनेक स्थानों पर भाजपा के स्थापना दिवस पर अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर शहर के वार्ड क्रमांक 15 के बूथ क्रमांक 211, 215 और 216 में मंडल के अध्यक्ष नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने क्षेत्र के हितग्राहियों से भेंट कर भाजपा सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार विकास की गारंटी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक लाभकारी योजना चलाई जा रही है। जिससे हितग्राहियों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि करोड़ों लोग भाजपा से जुड़े हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने विकसित भारत में अपना पूर्ण सहयोग दे रहे हैं। जीवन में अपनी मातृभूमि व राष्ट्र के लिए कुछ करने का अवसर मिला है। देश में एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनेगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में वार्ड के हितग्राही और क्षेत्रवासी मौजूद थे।

### राजपूत की सेवानिवृत्ति पर समारोह आयोजित

**सीहोर।** आयुष विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय आयुर्वेद औषधालय ग्राम पाटन में पदस्थ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी एवं पूर्व जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर रामप्रताप सिंह राजपूत सेवा निवृत्ति होने पर आयुष विभाग सीहोर द्वारा शनिवार को उनकी सेवा निवृत्ति पर अभिनन्दन समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। कार्यक्रम डॉ. नरेन्द्र सिंह लोधी जिला आयुष अधिकारी की अध्यक्षता, प्रदीप चौहान राजेन्द्र शर्मा बब्बल गुरु उपस्थित थे।

मृदा संरक्षण हेतु जैविक खाद की उपयोगिता पर कार्यशाला का आयोजन

# किसानों को बताया कितना उपयोगी है जैविक खाद और इसे बनाते हैं कैसे?

आयोजित हुई कार्यशाला में किसानों को मृदा संरक्षण में जैविक खाद की उपयोगिता एवं बनाने की विधियों पर कृषि विशेषज्ञों द्वारा प्रकाश डाला गया।




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मृदा संरक्षण के लिए सर्वोत्तम जैविक खाद विषय पर एक दिवसीय कृषक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के तत्वाधान में प्रगत सामाजिक विकास संस्थान भोपाल द्वारा वफापुर ढाकनी, तहसील आष्टा में सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यशाला को जैविक खाद की उपयोगिता एवं बनाने की विधियों जैसे महत्वपूर्ण विषय पर किसानों हेतु आयोजित किया गया। कार्यशाला के उदघाटन सत्र में डॉ हर्षना मार्वल, वैज्ञानिक, भारतीय मौसम विभाग, भोपाल, संदीप तोड़वाल, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, सीहोर, बहादुर सिंह मेवाड़ा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विभाग, आष्टा, शडी पी वर्मा, ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी, कृषि विभाग, आष्टा, संजय सिंह ठाकुर, वरिष्ठ बागवानी विकास अधिकारी, उद्यानिकी विभाग, आष्टा, हरी सिंह, पूर्व सरपंच, आदि अतिथि सम्मिलित हुए, जिनका स्वागत रीतू नरूला, अध्यक्ष, प्रगत सामाजिक विकास संस्थान भोपाल द्वारा कर विधिवत कार्यशाला प्रारंभ की गई ।

कार्यक्रम का संचालन जैविक खाद उद्यमी, अनिल कुमार वर्मा द्वारा किया गया। कार्यशाला में किसानों को मृदा संरक्षण में जैविक खाद की उपयोगिता एवं बनाने की विधियों पर कृषि विशेषज्ञों द्वारा प्रकाश डाला गया, और विस्तृत जानकारी प्रदान की गई कि किस प्रकार जैविक खाद मृदा संरक्षण में उपयोगी है। संदीप तोडवाल जी ने जैविक खाद के महत्व बताते हुए स्पष्ट किया कि आज बदलती कृषि प्रणाली ने हमारे सामने कुछ प्रश्न चिन्ह खड़े किए हैं तथा रासायनिक खाद के हो रहे निरंतर प्रयोग से हम अपनी भूमि को बंजर करते जा रहे हैं और रसायनिक उर्वरक का अधिक प्रयोग अनेकों रोगों को जन्म देने का कारक है। इसके साथ यह भी बताया गया कि इलेक्ट्रॉनिक विपरण से कैसे जैविक खेती में आगे बढ़ा जा सकता है ? श्री मेवाड़ा ने परमाली को जलाना मृदा स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है और किसानों से आग्रह किया कि उसके खाद बनाने के प्रयोग में लाए तथा आशा व्यक्त की कि इस कार्यशाला के आशातीत परिणाम आएंगे और लोग रसायनिक खादों को छोड़ जैविक खाद का महत्व, भूमि की उर्वरक क्षमता, ऑर्गेनिक उत्पादों से अंततः लाभप्रदता के महत्व को समझें। कार्यशाला में क्षेत्र के किसानों, खाद उद्यमी और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज , मुंबई के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता की। कार्यशाला के सत्रों के पूर्ण होने के उपरांत सरपंच द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

#### किसानों को दिया प्रशिक्षण

प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, नलवाई का ना जलाना, नलवाई जलाने से क्या-क्या नुकसान होते है,इसको लेकर ग्राम वफापुर ढाकनी में कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जैविक खाद कैसे बनाते हैं, उसके बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई। ग्राम वफापुर के युवा किसान अनिल वर्मा, सुनील वर्मा द्वारा किसान भाइयों को जैविक खाद बनाने की ट्रेनिंग दी गई। जिसमें ग्राम के व आस पास के ग्रामो के समस्त किसानों ने भाग लिया। किसान भाई देवकरण काका जी, विक्रम सिंह पटेल, सीताराम जी, हरि सिंह, मदन सिंह, यशवंत सिंह, बद्री प्रसाद, संतोष मंडलोई कोठरी, यशवंत मुगली, अनिल मीणा, हिरदेश भैया, रमेश बिलोरिया, लाखन सिंह ठाकुर सहित अनेकों किसान भाई ट्रेनिग में उपस्तिथ रहे। युवा कृषक अनिल वर्मा ने बताया कि हमारे किसान भाई लहसुन के पत्ते को जला देते हैं। अपने घर पर जो भी वेस्ट मटेरियल रहता है जैसे भूसा है, बगदा है,इन सबकी हम खाद बना कर मार्केट में सप्लाई करते हैं। लगभग 20 रुपये किलो के हिसाब से बेचते है। यह कार्य सभी किसान भाई अपने घर पर कर सकते है और अतिरिक्त आय पा सकते है। हमारे यहां सब कुछ है, पशु है,गोबर है, कूड़ा कचरा है,बगदा है। इसके बाद भी किसान भाई जानकारी के अभाव में उसको जला देता है। वफापुर के युवा कृषक अनिल वर्मा पूरा मटेरियल को फेंकते नहीं है उसका उपयोग कर जैविक खाद बनाते है। गोमूत्र को भी काम में लेते हैं। केंचुए जो उत्पन्न होते हैं कैच में ही अच्छा खाद बनाते हैं। आयोजकों ने सभी किसान भाइयों को धन्यवाद दिया कि वे ग्राम वफापुर आये जहां जैविक खाद बनता है। अन्य किसान भाई भी ग्राम बकापुर में आकर देख सकते हैं की यह अनिल वर्मा के यहां कैसे जैविक खाद बनाई जाती है।

# ठेकेदार ने खोयरा के जंगल में डामर प्लांट लगाने काटे सागौन के पेड़

**राजस्व विभाग को भनक तक नहीं**



**आष्टा।** पेड़ों की कटाई कर इस तरह किया जा रहा निर्माण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हमारे देश में पर्यावरण संरक्षण के लिए बिश्नोई आंदोलन हुआ इस आंदोलन का नेतृत्व अमृता देवी द्वारा किया गया था जिसमें लगभग 363 लोगों ने वनों की सुरक्षा के लिये अपने प्राणों की आहुति दी। यह अपनी तरह का प्रथम आंदोलन था जिसमे वृक्षों के संरक्षण के लिये लोगों द्वारा पेड़ों को गले लगाने की रणनीति को सहजता से अपनाया गया।

यही नहीं मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी रोज़ एक पौधा लगाकर अपने दिन की शुरुआत करते आए है वही प्रदेश में बड़े स्तर पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी भाजपा सरकार कार्य करती रही है और इसी के चलते लोगों में जागरूकता भी बड़ी और सामाजिक, गैर सामाजिक कार्यक्रमों में पौधे भेंटकर या लगाकर पर्यावरण संरक्षण का कार्य ने गति पकड़ी थी। लेकिन पूर्व मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले में ठेकेदार सरकारी अधिकारियों से सांठ गांठ कर अपनी कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए सैकड़ों सागौन के पेड़ो पर कुल्हाड़ी चलाकर अवैध रुप से कटाई कर रहे है।

#### ज़िम्मेदार बेखबर, कैसे पर्यावरण संरक्षण होगा

जानकारी अनुसार जावर तहसील के परिक्षेत्र इन्दौर भोपाल हाईवे से लगभग 500 मीटर दूर खड़ी जोड़ के पास ग्राम खोयरा के जंगल मे एक कम्पनी डामर प्लांट डाल रही है जिसमे लगभग एक बीघा ज़मीन पर लगे हरे भरे पेड़ो पर कुल्हाड़ी चलाकर पूरे जंगल को साफ़ कर दिया गया है जिसमे अनुमानित सैकड़ों सागौन के पेड़ को काटा गया होगा। लेकिन इलाके के जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी कोई खबर नहीं है अब बडा सवाल है की यदी इसी तरह से अवैध पेड़ों की कटाई की जायेगी तो कैसे पर्यावरण संरक्षण होगा?

#### कंपनी की सभी अनुमतियों की जांच हो

इधर पेड़ो की कटाई होने से आसपास के ग्रामीण वासी नाराज है और अब कंपनी को मिली अनुमतियों की जांच कर कार्यवाही की बात कर रहे है और सवाल खडे करते हुऐ पूछ रहे हैं की क्या कम्पनी ने स्थानीय प्रशासन से अनुमति ली है और अगर ली है तो क्या इतनी बड़ी तादाद में सागोन के पेड़ो को काटने की अनुमति किस नियम के अंतर्गत दी गई है। अगर डामर प्लांट बन रहा है तो यहां पर गिट्टी का स्टॉक भी किया जायेगा तो क्या कम्पनी ने माइनिंग विभाग से गिट्टी स्टॉक करने की अनुमति ली है ? डामर बनेगा तो बड़ी बड़ी मशीने जनरेटरों से चलेगी, जिससे धुंआ और धूल बड़ी मात्रा में उड़ेगा, जिससे पर्यावरण को भी नुकसान होगा तो क्या कंपनी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से भी अनुमति ली है ? इतनी बड़ी मात्रा में पेड़ों को काटना अपने आप में बड़ी बात है आखिर कंपनी ने किस अधिकारी या जनप्रतिनिधि की शह पर इसे अंजाम दिया है। जबकि भारत में पेड़ों की, पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कानून बना है वही इस मामले पर जावर तहसीलदार अविनाश सोनानिय से बात की गई तो उन्होने कहा की आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है। पटवारी को भेजकर दिखवाता हूं। यदि गलत तरीके से पेड़ काटे गए है तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

# इंदौर-भोपाल हाइवे पर पगारिया राम के पास हुए हादसे में युवक की मौत, एक गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



इंदौर भोपाल हाईवे पर चाचारसी जोड़ और पगारिया राम के बीच एक्सीडेंट हुआ बाइक सवारी युवक की मौके पर ही मौत हो गई एक गंभीर घायल है पार्वती थाने का मामला है।बीती रात्रि करीब 2 के लगभग भोपाल इंदौर हाईवे पर चाचारसी पगारिया राम के बीच अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक गंभीर घायल को आष्टा के सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया है। पार्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा ने बताया है कि दुर्घटना रात करीब 2 बजे के करीब हुई है जैसे ही हमें जानकारी मिली घटनास्थल पर पहुंचे दुर्घटना में बाइक सवार एक की मौत हुई है वही एक गंभीर घायल हुआ है जिसे रेफर किया गया है दुर्घटना में बाइक सवार को टक्कर मारने वाला अज्ञात वाहन है जब मैं मौके पर पहुंचा तो बाइक सवार का पड़ा हुआ था बड़ी मुश्किल से फावड़ा से हावड़ा से उठाना पड़ा पोस्टमार्टम के लिए लाना पड़ा। पार्वती पुलिस से जानकारी के अनुसार अजय कमलसिंह मेवाड़ा 19 साल काजीखेड़ी मृतक है।घायल सुमित पिता सौदान सिंह वृंदावन गार्डन के पास चौपाटी आष्टा है।

#### दुर्घटना ऐसी की जिसने भी देखा दिल दहल गया

जब दुर्घटना हुई तो सबसे पहले पार्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे दुर्घटना देखकर लग रहा था कि कितनी खतरनाक है। किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को ऐसी टक्कर मारी की बाइक सवार के आलम यहां था कि शव को फावड़ा से शोर कर सिविल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए लाना पड़ा पार्वती पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

### राजा पारख भाजपा में हुए शामिल



**आष्टा।** लोकसभा चुनाव में मतदान होने से पहले भाजपा ने इस बार 400 पार का नारा दिया है और इसको लेकर भाजपा जहां बूथ स्तर पर मेहनत कर रही है। वही दूसरी ओर कांग्रेस छोड़ भाजपा में जाने का सिलसिला भी तेजी से चल रहा है। शहर के प्रतिष्ठित परिवार और दवा व्यापारी राजा पारख भी कांग्रेस छोड़ भारतीय जनता पार्टी में शमिल हो गए। इस दौरान विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने उनका साफा व फूलमाला भाजपा का दुपट्टे पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अतुल शर्मा, मार्केटिंग सोसायटी के अध्यक्ष कृपाल सिंह की ठाकुर नगर के महामंत्री जुगल किशोर मालवीय, उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ठाकुर,ब्रजेश सोनी, वरिष्ठ नेता मनोहर भोजवानी, लीलाधर वशिष्ठ, अनिल धनगर, राधेश्याम मलेरिया, नीलिमा बैरागी, मनोहर बैरागी ,बिट्टू शर्मा मोजूद रहे।

# कार्यकर्ताओं ने सभी बूथ पर मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर



भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के उपलक्ष पर श्यामपुर मंडल द्वारा सभी बूथ पर स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पाटीदार का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ स्थापना दिवस के मौके पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत मां के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाने पर उपस्थित हुए वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व सरपंच बद्री प्रसाद दांगी, विधायक प्रतिनिधि मंडल उपाध्यक्ष गोविंद पाटीदार, भारतीय जनता पार्टी कोषाध्यक्ष विजय सिंह हाडा, कैलाश पाटीदार, श्यामपुर मंडल मीडिया प्रभारी रमेश पाटीदार, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष मनीष लोनारे, नवदीप श्रीवास्तव, पोलिंग अध्यक्ष जगदीश पाटीदार, हरिओम ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता रामभरोस, अजय सोलंकी अरविंद मीणा आदि उपस्थित थे।

# लोस चुनाव के चलते पुलिस कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



निष्पक्ष तथा भय रहित निर्वाचन में सभी की भूमिका सुनिश्चित होती है परंतु पुलिस की भूमिका जिम्मेदारी के साथ अति महत्वपूर्ण बन जाती है। भय ,लालच ,निष्पक्ष निर्वाचन तब ही संभव है जब वहां पर पुलिस जवान मुस्तादी से अपने ड्यूटी का पालन करता है।

उक्त विचार मास्टर ट्रेनर अकबर सिद्दीकी द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के अन्तर्गत पुलिस थाना जावर में उपस्थित अधिकारी /कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते हुए कहीं। आगे आपने चुनाव ड्यूटी के उद्देश्य के संबंध में चुनाव से पहले तथा चुनाव के दौरान और उसके पश्चात पुलिस जवान की भूमिका, वोटिंग के दौरान शांति व्यवस्था को बनाए रखने तथा मतदाता अपना वोट शांतिपूर्वक डाल सके इस व्यवस्था में पुलिस की भूमिकाओं के ऊपर चर्चा की गई।साथ में पोलिंग स्टेशन पर प्रोसिडिंग अधिकारी को सहायता करना तथा पोलिंग बूथ स्टाफ को चुनाव संबंधित अपराध को रोकने में मदद करना है। आगे पुलिस कर्मचारी अधिकारी के जवाब दही सुनिश्चित हो इस हेतु सामान्य विधि व्यवस्था की स्थिति एवं उसे क्षेत्र की जानकारी मतदान दिनांक पूर्व ज्ञात कर लेना। ड्यूटी स्थल पर जाने के समय घटित संभावित घटित होने वाली घटनाओं की पूर्व तैयारी रखना स्थानिया पदाधिकारी, कर्मचारियों से अच्छे तथा व्यवहारिक संबंध तथा नियंत्रण बनाए रखने आदि विषयों को लेकर चर्चा की गई सहयोगी मास्टर ट्रेनर जयनारायण राठौर ने प्रशिक्षण के दौरान कहा कि मतदाताओं को लाइन में लगवाना ,मतदान केंद्रों के अंदर शांति बनाए रखने तथा मतदान कर्मियों को कोई खतरा न हो यह जवाब देवी तय करना पुलिस जवान का कर्त्तव्य बनता है।

मतदाताओं द्वारा साफ़ सुतरी मतदान की व्यवस्था हो तथा मतदान सामग्री भी सुरक्षित और व्यवस्थित हो इस पर भी हमारी भूमिका निहित हो सकती है। इस अवसर पर थाना प्रभारी रामनारायण मालवीय ने भी उपस्थित जवानों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के शिष्य मुनि सागर के आशीष वचन

# रावण में निन्यानबे गुण थे और एक अवगुण: मुनि सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



रावण में निन्यानबे गुण थे और एक अवगुण था।लोग एक अवगुण को ही देख रहे हैं। हमें गुणों को ग्रहण करना चाहिए।भगवान की वाणी अमृत समान थी और हित -मित प्रिय है। भगवान की वाणी प्राकृत भाषा में निकलती है। भगवान की भाषा भक्तों को सुनने में आती है।जो भी भगवान की वाणी सुनते हैं, वह अमृत रसमय हो जातें हैं। धार्मिक स्थलों व कार्यों में राग-द्वेष नहीं होना चाहिए।

उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने भगवान की दिव्य ध्वनि का महत्व बताया। मुनि सागर महाराज ने कहा अरहनाथ भगवान की वाणी अनुसार चलने से हमारा कल्याण होगा। गुरु चरणों में बैठते तो बहुत कुछ सीखने को मिलता। जिनके भाग्य में गुरु के अंतिम दर्शन नहीं था वह बाहर घूमने चले गए थे। न्याय सभी को समझ में नहीं आता। इसी लिए कोर्ट बढ़ रहे और वकील बढ़ रहें हैं। किसी को टोकें तो प्रेम से,ने आने वाले व्यक्ति को सीखने का समय देवें।अगल - बगल वाले को साथ लेकर चलें। संगति गलत होने से आज विघटन अधिक हो रहा है।एक सिक्के के दो पहलू होते हैं। नोट के दो रूप होते हैं। जो करेगा सो भरेगा, अनेकांत को लेकर काम करें, विघटन नहीं होगा।पर के दोष देखने में आतुर रहते हैं, स्वयं के दोष नहीं देखते। जबकि गुण देखना चाहिए। अवगुण देखने में गुण ग्रहण नहीं कर पाते हैं।

# तपोभूमि देवबड़ला का आयुक्त पुरातत्व उर्मिला शुक्ला ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातात्विक धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला बिलपान में पुरातत्व विभाग द्वारा दो मंदिरों का जीर्णोद्धार पूर्ण हो चुका है। मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगत जी ने बताया कि पुरातत्व विभाग लगातार अपना काम कर रहा है। चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने व आगे की कार्य योजना के लिए आयुक्त पुरातत्व उर्मिला शुक्ला ने निरीक्षण कर ऋषि मुनियों की तपोभूमि देवबड़ला के बारे में ओंकार सिंह भगत जी से चर्चा कर जानकारी प्राप्त की। आगे किस प्रकार कार्य होना है सभी को अवगत कराया श्रीमती शुक्ला ने पुरातत्व अधिकारी डॉ रमेश यादव को देवबड़ला की संपूर्ण कार्य योजना तैयार करने के दिशानिर्देश दिए। जल्द ही यहां का संपूर्ण विकास किया जाएगा। आयुक्त पुरातत्व उर्मिला शुक्ला ने देवबड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेन्द्र सिंह भाटी से चर्चा करते हुए कहा कि जल्द ही खुदाई में निकले हुए चौथे मंदिर का डीपीआर तैयार कर मंदिर का पुनर्निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा। खुदाई में निकले हुए 15 मंदिरों में से चौथा मंदिर सबसे बड़ा मंदिर है। खुदाई में मिली हुई प्रतिमा बहुत ही दुर्लभ है यहां पर ऐसी प्रतिमाएं हैं जो की संपूर्ण भारत में कहीं पर नहीं है। विभाग द्वारा जल्द ही यहां पर सुरक्षा की दृष्टि से गेट का निर्माण होगा। ताकि खुदाई में प्राप्त हुई प्रतिमाएं सुरक्षित रहे। 24 घंटे वाली बिजली के लिए भी विभाग द्वारा कार्य योजना तैयार की गई है बहुत जल्द ही यहां पर 24 घंटे वाली बिजली चालू होगी।

## ये भी अजब है....कचरे के ढेर को उठाने से बचने कर्मचारियों ने ढूंढा उपाय

# कचरे में आग: एक प्रदूषण खत्म कर दूसरा प्रदूषण फैला रही नपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्वच्छ राजगढ़, सुंदर राजगढ़ की परिकल्पना के साथ नगर के विभिन्न वार्डों एवं मोहल्लों में नगर पालिका द्वारा प्रतिदिन साफ-सफाई करवाई जा रही है। लेकिन, नपा के स्वच्छता कर्मचारी कचरे के ढेरों को उठाने की मेहनत से बचने उसमें आग लगवा रहे हैं।

दूसरे शब्दों में कहा जाए तो कचरे वाला एक प्रदूषण खत्म करने के लिए नगर पालिका के कर्मचारी दूसरा वायु प्रदूषण करवा रहे हैं। शनिवार को स्थानीय संस्कृति होटल के ठीक सामने के नाले के ऊपर इकट्ठे करवाए गए कचरे के बड़े ढेर में नपा दरोगा श्री जैन के निर्देषों पर स्वच्छता कर्मियों ने उसे आग के हवाले कर दिया। कचरे में आग लगाए जाने के इस तरह के दृष्य अमूमन अक्सर ही नजर आ रहे हैं। कचरे के ढेरों को उठाकर उन्हें वाहनों में डालने में मेहनत लगती है। इसी से बचने उनमें आगे लगाने का सहारा लिया जा रहा है जिससे दूसरा घातक वायु प्रदूषण हो रहा है।

### रहवासियों की सांसों में घुल रहा जहर

इस कचरे में पॉलीथीन, प्लास्टिक, जैविक सहित अन्य सभी तरह का कचरा रहता है। आग लगाने से उठने वाला प्रदूषित धुंआ बेहद जहरीला होकर रहवासियों के स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा प्रतिकूल असर डालता है। शनिवार को जहां आग लगाई गई वह करीब आधे घंटे तक जलती रही और काफी समय आग का प्रदूषित धुंआ वातावरण में फैलता हुआ देखा गया।

### आगजनी की भी रहती है संभावना

ऐसा नहीं है कि कचरे में आग लगाने से सिर्फ वायु प्रदूषण मात्र ही फैलता है। कभी-कभी कचरे के ढेरों में लगी आग फैल भी जाती है। अगर ऐसा हुआ तो आसपास की रहवासी बस्तियों, कॉलोनियों तक इस आग के फैलने की संभावना रहती है। पूर्व में इस तरह की आग फैलने से अनहोनी की घटनाएं मध्यप्रदेष के अन्य जिलो में घटित हो चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व इसी तरह की घटना में राजेष्वर कान्वेंट स्कूल के सामने स्थित मतस्य विभाग के कर्मचारियों ने पार्क के कचरे में आग लगवा दी थी जो बहुत ज्यादा ही फैल गई थी बाद में उससे फायर बिग्रेड पर से काबू पाया जा सका था।

### करेंगे कार्रवाई

मैंने कर्मचारियों को बता रखा है कि कहीं भी कचरे के ढेरों में आग न लगाएं। अगर फिर से ऐसा किया जा रहा है तो सख्ती से उस पर कन्ट्रोल करवाते हैं। सही है, प्रदूषण के साथ-साथ अनहोनी का भी खतरा रहता है। आगे से जहां भी ऐसा नजर आया तो संबंधित पर कार्रवाई भी की जाएगी।
**रवि गुप्ता,** सीएमओ, नगर पालिका, राजगढ़

## ट्रैफिक पुलिस ने चलाया समझाइश अभियान

# आगे से हम ऑटो में ओवर लोडेड सवारियां नहीं बैठाएंगे



**राजगढ़-ब्यावरा।** लोडिंग वाहनों को यात्री वाहन की तरह इस्तेमाल कर सवारियों का परिवहन करने सहित ऑटो, जीप व ऐसे ही दूसरे वाहनों की छतों पर बैठाकर यात्रियों की जान से खिलवाड़ करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस कार्रवाई लगातार जारी है।

कार्रवाई के साथ ही अब टैफिक पुलिस ने समझाईस एवं माफीनामा अभियान भी चलाया है। पिछले दिनों आठ ऑटो चालकों छतों, पैरदान में सवारियों को बैठाते नजर आए। इस पर यातायात प्रभारी देवनारायण पांडेय ऑटो चालकों को समझाइश देकर माफीनामा अभियान के तहत उनसे गलती स्वीकार करवाई। साथ ही समझाइश दी कि आगे से अगर वे ऐसा करेंगे तो चालान काटने के साथ-साथ न्यायालयीन कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने जो माफीनामा तैयार कवाया है उसमें उल्लेख है कि आगे से यदि संबंधित ऑटो, लोडिंग वाहन चालक छत पर सवारी बैठाते पाया गया तो कठोर कार्रवाई चालक/ड्राईवर को भुगतनी होगी। उल्लेखनीय है कि बीते एक पखवाडे. में 11 वाहनों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेष किए गए हैं।

### हेलमेट, सीटबेल्ट पर चालानी कार्रवाई

सड़क दुर्घटनाओं में बाईक चालकों के सिर में चोंट लगने पर मृत होने की संभावना बढ़ती है या व्यक्ति गंभीरतम घायल हो जाता है। इस संबंध में एसपी आदित्य मिश्रा के निर्देषों पर प्रतिदिन चेकिंग अभियान चलाकर हेलमेट न पहनने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस तरह के मामलों में 26 चालान काटते हुए 8 हजार 400 रुपए वसूल किए गए।

# कलेक्टर के निरीक्षण में कहीं स्कूल बंद तो कहीं शिक्षक गायब, 15 को नोटिस

## प्रशिक्षण में भी नहीं थे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

चुनावी व्यस्तता के बीच कलेक्टर हर्ष दीक्षित चुनावी शनिवार दोपहर अचानक तंवरवाड़ के स्कूलों के औचक निरीक्षण पर निकल पड़े। इस निरीक्षण में कहीं उन्हें पूरा स्कूल ही बंद मिला तो कहीं कुछ शिक्षक बगैर जानकारी के गायब मिले। कोई शिक्षक चुनावी प्रशिक्षण में ड्यूटी होने का कहकर गायब था तो किसी ने दूसरा कारण अपने साथी स्टाफ को बता कर रखा था। शिक्षकों का यह झूठ उस समय पकड़ा गया जब, कलेक्टर श्री दीक्षित चुनावी प्रशिक्षण में ही पहुंच गए। जहां उन्होंने उक्त स्कूलों से गायब मिले शिक्षकों के बारे में क्रॉस चेकिंग करते हुए यह जानकारी ली कि वह इस प्रशिक्षण में है या नहीं। लेकिन, वे शिक्षक प्रशिक्षण में भी नहीं थे।

इस गंभीर लापरवाही पर कलेक्टर ने डीईओ को निर्देश दिए की लापरवाह शिक्षकों को नोटिस दिया जाए साथ ही रविवार को ही उसका जवाब लिया जाए। अगर दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें निलंबित या अन्य कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश उन्होंने डीईओ को प्रदान किए गए।

### इन्हे दिए गए हैं शोकाज नोटिस

जिन शिक्षकों को नोटिस दिए गए हैं उनमें सरिता अडसूल मावि ढंड, मीनाक्षी चौरसिया प्राथमिक विद्यालय दंड, मुकेश विजयवर्गी एकीकृत मावि शाला कालीखेडा, श्रद्धा सक्सेना मावि कालीखेड़ा, बनवारी राठौर मांवि कालिखेड़ा, मुश्ताक खान मावि लहरचा, भोजराज काशी कई लहरचा, रामकिशन तंवर महावीर हिरण खेड़ी योगेश गोयल उमावि कालीपीठ, बनेसिंह भील उमावि कालीपीठ, शाहिद प्रहरी उमावि कली पीठ डीपी पीपलोतिया उमावि कालीपीठ एल, शिवप्रसाद पवार मावि लहरचा, बद्रीलाल यादव महावीर लहरचा महेंद्र सिंह हाडा एकीकृत माध्यमिक विद्यालय हिरण खेडा शामिल शामिल है।

# मां कर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर विभिन्न कार्यक्रम हुए आयोजित




**गुना।** विगत कई वर्षों से कर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर साहू महिला मंडल गुना द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी मां कर्मा देवी की 1008 वी जयंती पर नगर अध्यक्ष वंदना विवेक साहू एवं उनके महिला मंडल द्वारा कर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर शुभ विदाई गार्डन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां कर्मा देवी की पूजा एवं माल्यार्पण सभी पूर्व अध्यक्षों के द्वारा किया गया। उसके उपरांत बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे चित्रकला ,मेहंदी, रंगोली, फैंसी ड्रेस ,गायन, भाषण, नाटक और डांस आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कृत किया गया ।साथ ही साथ कक्षा दसवीं और बारहवीं एमपी बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड में साहू समाज में प्रथमॉ, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को भी शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।साथ ही सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। महिलाओं की भी कई प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं कराईं।

## बूथ पर जाकर किया वरिष्ठजनों का शाल-श्रीफल से सम्मान

# भाजपा ने मनाया 45वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



भारतीय जनता पार्टी गुरुवार को अपना 45 वां स्थापना दिवस बूथ केंद्र पर बूथ के कार्यकर्ताओं एव वरिष्ठ जंनो के साथ मनाया।भारतीय जनता पार्टी मंडल ब्यावरा बूथ क्रमांक 65 में अपना नगर पार्क में मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह पवार भाजपा जिला महामंत्री पंडित अमित शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष चंदन अग्रवाल विधानसभा के विस्तारक राकेश श्रीवास्तव भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी राजू यादव पार्षद विष्णु साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप गुप्ता राकेश शिवहरे ने भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर तिलक लगाकर माल्यार्पण किया।

### भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का गौरव पार्टी का ध्वज का भी पूजन किया

स्थापना दिवस के मौके पर बूत केंद्र पर रहने वाले सभी वरिष्ठ जनों का सम्मान साल एवं श्रीफल से किया गया मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह पवार भाजपा जिला महामंत्री पंडित अमित शर्मा वार्ड के पार्षद विष्णु साहू के द्वारा सभी का अभिनंदन किया गया।इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता जिनकी मेहनत से आज भारतीय जनता पार्टी बड़े मुकाम पर पहुंची है उन सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मान माला पहना कर किया गया। भारतीय जनता भाजपा जिला महांमत्री पंडित अमित शर्मा के द्वारा भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया कहा गया कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा संगठन छोटे-छोटे कार्यकर्ताओं की मेहनत और वरिष्ठ कार्यकर्ता के त्याग तपस्या के कारण आज हम इस मुकाम तक पहुंचे हैं। आज देश के अंदर कई राज्यों में हमारी सरकारें हैं, हमारी सरकारों की योजनाओं से आम गरीबों को लाभ मिल रहा है। 2024 में हम तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले और भाजपा का साथ देकर भाजपा की सरकार बनाएं।

### भारत को बंटता देख डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1952 में जनसंघ की स्थापना

*स्थापना दिवस के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह पंवार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की सरकार लगातार देश को बांटने का काम करती रही ऐसी स्थिति में नेहरू सरकार के मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर-संघचालक गुरु गोलवलकर से परामर्श लेकर मुखर्जी ने 1952 को राष्ट्रीय जनसंघ की स्थापना की डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने धारा 370 का विरोध करते हुए तस्वीर में प्रवेश किया। जम्मू कश्मीर की सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया। जिसका बाद में जनता पार्टी में विलय हो गया और फिर पार्टी के बिखराव के बाद 1980 में भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ।*

### मंत्री पंवार बोले भाजपा के गठन के समय अधिवेशन में वह भी थे मौजूद

*एक बड़ी बैठक पार्टी का नाम योजना को लेकर आयोजित की गई, जिसमें मंत्री नारायण सिंह पवार ने अपने उद्बोधन में कहा की उस बैठक में मैं खुद मौजूद था जब भारतीय जनसंघ जनता दल का विलय भारतीय जनता पार्टी में हुआ जिसका चुनाव चिन्ह कमल का फूल रखा गया। फिर 6 अप्रैल 1980 को मुंबई के शिवाजी पार्क में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई।*

# मैराथन दौड़ से लोगों को किया मतदान के लिए जागरूक



**कुरावर।** नगर में नवनियुक्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री कुमार विश्वनाथ सिंह के द्वारा नवाचार कर माननीय कलेक्टर महोदय एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजगढ़ की निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कुछ नया करने की सोच के तहत आज नगर में अशासकीय होली एंजेल पब्लिक स्कूल कुरावर एवं नगर परिषद कर्मचारी पुलिस प्रशासन के साथ मैराथन दौड़ मतदाता जागरूकता अभियान की थीम के साथ खेड़ापति हनुमान मंदिर से बस स्टैंड ब्रिज तक कराई गई एवं नगर परिषद कार्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के प्रभारी अरविंद मिश्रा के द्वारा शांति पूर्ण निष्पक्ष मतदान हेतु शपथ ग्रहण कराई गई इस अवसर पर होली एंजेल की डायरेक्टर जस्टिन जोसेफ विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिका, पुलिस स्टाफ छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम के अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के बी सिंह के द्वारा उपस्थित जनसमूह को मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग करने हेतु धन्यवाद आभार व्यक्त किया गया उपस्थित कर्मचारियों मनोज शर्मा अरुण शर्मा उमाशंकर शर्मा रवि डाला मुकेश वर्मा दिनेश महेश कैलाश पवार आशीष शर्मा बद्री प्रसाद नारायण चंद्रवंशी मोहन चंद्रवंशी रवि दला रिंकू संजू महेश दरोगा अरुण शर्मा दौलत सिंह मीणा आदि उपस्थित रहे।

## कार्रवाई नहीं होने से माफिया के हौसले बुलंद

# शहर अवैध लकड़ी माफिया के कारोबार का बन रहा बड़ा गढ़



**नरसिंहगढ।** शहर के आसपास घने जंगलों से लगातार अवैध लकडी कटाई की शिकायते मिल रही थी। सूत्रों की सूचना पर गुरुवार देर रात पुलिस ने कार्यवाही करते हुये दो ट्रेक्टर ट्रालियो को पकड़ा तो दोनों ट्रेक्टर चालक विक्रम धनगर पिता रामचरण धनगर 33 वर्ष और रामबाबू पिता मांगीलाल पुष्पद 35 वर्ष लकड़ियों का वैध प्रपत्र नहीं दिखा पाये तो पुलिस ने वन विभाग को सौंप दिया वन विभाग ने दोनों पर कार्यवाही करते हुये वनउपज अधिनियम 2000 की धारा 3.14 अंतर्गत अपराध दर्ज कर लिया है ज्ञात हो कि उक्त ट्रेक्टर चालक पूर्व मे भी इसी तरह के अपराध मे संलग्न रहे हैं, जिस पर पुलिस और वन विभाग को कड़ी कार्रवाई किए जाने कि आवश्यकता है, जिससे पर्यावरण को होने वाली बड़ी हानि को रोका जा सके।

# फरार 45 स्थाई और 71 गिरफ्तारी वारंटियों सहित 2 जिला बदर पकड़े

## गस्त के दौरान एक को 315 बोर अवैध देशी कट्टा तो एक जिलाबदर को अवैध कच्ची शराब के साथ किया गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

आगामी लोकसभा चुनाव जिले में निर्विघ्न एवं निर्विवाद रूप से संपन्न कराये जाने हेतु गुना पुलिस अधीक्षक श्री संजीव कुमार सिंहा द्वारा जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध एक अभियान के रुप में ताबड़तोड़ कार्यवाहियों को अंजाम दिलाया जा रहा है । इसी दिशा में जिले के सभी थाना क्षेत्रो में गुंडा बदमाश, फरार इनामी, स्थाई/गिरफ्तारी वारंटी, जिला बदर बदमाशों आदि सहित विभिन्न अपराधों में फरार चल रहे आरोपियों की धरपकड हेतु गुना पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा द्वारा दिनांक 05-06 अप्रैल की रात में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में एक साथ कॉम्बिंग गस्त के निर्देश दिये गये थे। निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुनामानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन तथा संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों के पर्यवेक्षण में दिनांक 05-06 अप्रैल की रात्रि में जिले के सभी थाना क्षेत्रों के संवेदनशील एवं घने इलाकों में पुलिस बल द्वारा अलग-अलग टीमों में एक साथ कॉम्बिंग गस्त की गई। गुना पुलिस की ओर से संपूर्ण जिले में एक समय में की गई इस कॉम्बिंग गस्त के दौरान पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में गुंडा, निगरानी बदमाश, स्थाई/गिरफ्तारी वारंटियों, इनामी, जिला बदर आदि सहित विभिन्न लंबित प्रकरणों में फरार आरोपियों की तलाश की गई, जिसमें पुलिस के हाथ अपार सफलतायें लगीं हैं, इस दौरान माननीय न्यायालयों की ओर से विभिन्न प्रकरणों में जारी अलग-अलग वारंटों में लंबे समय से फरार चल रहे कुल 45 स्थाई वारंटी एवं 71 गिरफ्तारी वारंटी गिरफ्तार किये गये हैं, जिनमें गुना कोतवाली में 11 स्थाई व 15 गिरफ्तारी व केंट थाने में 2 स्थाई व 3 गिरफ्तारी, बजरंगगढ़ थाने में 01 स्थाई, म्याना थाने में 3 स्थाई व 15 गिरफ्तारी, बमौरी थाने में 1 स्थाई व 01 गिरफ्तारी, फतेहगढ़ थाने में 4 स्थाई व 3 गिरफ्तारी, राघौगढ़ थाने में3 स्थाई व 8 गिरफ्तारी, विजयपुर थाने में 01 स्थाई व 03 गिरफ्तारी, आरोन थाने में 7 स्थाई व 06 गिरफ्तारी, धरनावदा थाने में 04 स्थाई व1 गिरफ्तारी, जामनेर थाने में 03 स्थाई व 02 गिरफ्तारी, मधुसूदनगढ़ थाने में 01 स्थाई व 01 गिरफ्तारी, चांचौड़ा थाने में 02 स्थाई व 06 गिरफ्तारी, कुम्भराज थाने में 02 स्थाई व 04 गिरफ्तारी एवं मृगवास थाने में 03 गिरफ्तारी वारंटी पकड़े गये हैं । इस दौरान जिले भर में कुल 45 निगरानी बदमाश एवं 63 गुंडा बदमाश चैक किये जाने के साथ ही जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से जिला बदर किये गये जिला बदर बदमाशों को भी पुलिस द्वारा उनके घरों पर चैक किया गया, जिनमें 02 जिला बदर बदमाशों के जिलाबदर आदेश का उल्लंघन कर अपने घरों पर पाये जाने पर उन्हें राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 के तहत गिरफ्तार किया गया।

## प्राइवेट स्कूल किताब,कॉपी,यूनिफार्म खरीदने बच्चों के अभिभावकों पर नहीं बनाएं दबाव

# सीएम के ट्वीट के बाद एसडीएम ने लिया एक्शन निजी स्कूल संचालकों को चेताया

**सारंगपुर।** नगर में चल रहे कई प्राइवेट स्कूल संचालक विद्यार्थियों का प्रवेश होने के बाद अभिभावकों पर किताब, युनिफार्म खरीदने का दबाव बना रहे हैं, ऐसी शिकायत शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित एसडीएम संजय उपाध्याय को भी अक्सर मिलती है। सूत्र बतलाते है की अभी नए शिक्षण सत्र की शुरुआत से ही कुछ स्कूलों ने अभिभावकों को मोबाइल पर मैसेज भेजकर किताब, अलग-अलग तरह की युनिफार्म, टाई-बेल्ट आदि खरीदने का दबाव बनाना शुरु कर दिया है। अभिभावक इनकी मनमानी से नाराज तो हैं, लेकिन खुलकर इनका विरोध भी नहीं कर पा रहे हैं। गौरतलब है कि हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्राइवेट स्कूल संचालकों को सख्त चेतावनी देते कहा है कि अभिभावकों पर किताब, युनिफार्म आदि किसी निश्चित दुकान से खरीदने किसी प्रकार का कोई दबाव नहीं बनाए। अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री के ट्वीट के बाद एसडीएम ने भी इस मामले में अलर्ट होकर शनिवार को निजी स्कूल संचालकों की बैठक लेकर - सभी प्राइवेट स्कूल संचालकों को - कार्रवाई की चेतावनी दी है।



### नामी स्कूलों की मिलती हैं शिकायतें

*ज्ञात हो कि तहसील मुख्यालय से लेकर शहर के ग्रामीण क्षेत्र में संचालित नामी स्कूलों की मनमानी के विरूद्ध एसडीएम से लेकर शिक्षाविभाग तक पहले से शिकायतें आती रही हैं। इस पर अनुविभागीय अधिकारी ने गंभीरता दिखाते प्राइवेट व हाई हायर सेकेण्डरी स्कूलों की बैठक शनिवार को बुलवाई ताकि इस संबंध में पूछताछ की जा सके।*

### कार्रवाई की जाएगी

अगर किसी भी प्राइवेट स्कूल के द्वारा बच्चों के परिजनों से निर्धारित दुकानों से किताब,ड्रेस आदि खरीदने के लिए दबाव बनाया गया तो शिकायत मिलने पर स्कूल पर कार्रवाई की जाएगी।
**संजय उपाध्याय,**
एसडीएम सारंगपुर

### बाजार में तय दुकानों पर मिलती है किताब

*प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ा रहे कई अभिभावकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हर साल की तरह फिर प्राइवेट स्कूल वालों की मनमानी शुरु हो गई है। पहले तो एडमीशन में एकमुश्त बड़ी राशि वसूल रहे हैं। प्रवेश लेने के बाद महीने की फीस, स्कूल बस की फीस तय होती है। इतना सब होने के बाद किताबों का सेट, युनिफार्म और टाई-बेल्ट आदि सामान भी उनकी बताई गई दुकान से ही लेना पड़ता है। क्योंकि यह सामान किसी और दुकान में नहीं मिलता। दुकानदार भी मनमानी कीमत वसूलते हैं। किताब पर जितना प्रिंट रेट होता है, उससे एक रुपया भी कम नहीं करते। उनका एक ही जवाब होता है, लेना हो तो लो नहीं तो कहीं और देख लो। क्योंकि वे जानते हैं, अभिभावक शहर भर में तलाश भी लेगा तो उन्हें ये किताब कहीं नहीं मिलेगी, लौटकर उन्हें यहीं आना पड़ेगा। दुकानदार भी बताते हैं कि ये सामान कम कीमत पर नहीं दे सकते क्योंकि रेट स्कूल प्रबंधन ने फिक्स कर रखे हैं। जितने सेट बिकेंगे उतने का तय कमीशन स्कूल को देना है।*